दिन– मंगलवार दिनांक– 17/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार हाजीपुर से राज्य स्तरीय स्वच्छता अभियान का करेंगे शुभारंभ।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज बेगूसराय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट की एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ करेंगे।

03. प्रदेश में गंगा, बागमती, घाघरा और कमला बलान नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर। बक्सर में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुयी।

04. और, गया तथा पुनपुन का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो रहा है। पिंडदान के लिए देश–विदेश से पहुंच रहे हैं श्रद्धालु।

---

देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान की आज से शुरूआत हो रही है। यह अभियान दो अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान का विषय है– स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़ियाघरों, अभ्यारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

---

इधर, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार आज हाजीपुर से राज्य स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत करेंगे। अभियान के तहत गांधीजी के पद चिन्हों पर स्वच्छार्पण, राज्य के धरोहर स्थलों पर बिहार हमारा गौरव– स्वच्छता हमारी पहचान, गंगा ग्रामों में गंगा तेरा पानी अमृत और जीविका आधारित स्वच्छता संवाद समेत कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

–––बाईट–––

हाजीपुर स्थित बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार स्वच्छता ही सेवा अभियान की विधिवत शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें इनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में श्री कुमार स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

---

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज बेगूसराय में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट की एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ करेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––रिपोर्ट–––

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर जिले के देवना में निफ्ट की एक्सटेंशन ब्रांच की शुरूआत हो रही है। अभी यहां 25–25 के बैच में जीविका दीदी सहित अन्य को फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अगले सत्र से 125 छात्र–छात्राओं का दाखिला होगा। अभी यह संस्थान एक निजी भवन में संचालित होगा। निफ्ट के अपने भवन के लिए बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण और हिन्दुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड, बरौनी के साथ बातचीत चल रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कैमूर के भभुआ और मोहनिया में पेयजल आपूर्ति योजना का कार्यारंभ करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, बागमती, घाघरा और कमला बलान नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। वहीं, कोसी, गंडक, कमला बलान और अधवारा समूह की नदियां कई जगहों पर चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से गंगा की सहायक नदियों धर्मावती, कर्मनाशा, ठोरा और कंचन नदी भी उफान पर है।

–––बाईट–––

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तटवर्ती इलाकों में विशेष सर्तकर्ता बरती जा रही है। बक्सर, इटाढ़ी, चौसा और चक्की प्रखंडों में स्थिति अभी सामान्य है। वहीं, सिमरी अचंल अंतर्गत गंगौली, राजपुर, परसनपाह और ब्रहमपुर अंचल स्थित उत्तरी नैनीजोर पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। गंगौली ज्ञानेश्वर मिश्र सेतु को जाने वाली एप्रोच रोड पर पानी के तेज बहाव को देखते हुए आवगमन को बंद कर दिया गया है। चौसा स्थित बनारपुर और सिकरौल गांव की सड़कों पर लगभग चार फुट तक पानी का बहाव हो रहा है। इधर, जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावितों के लिए हेल्पलाईन की शुरूआत की है। लोग टेलिफोन नम्बर–शून्य–छह–एक–आठ–तीन–दो–दो–तीन–तीन–तीन–तीन पर किसी भी प्रकार की जानकारी या राहत के लिए संपर्क कर सकते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

इधर, भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत जवइनिया गांव में गंगा नदी तेज कटाव कर रही है। कटाव के कारण कई घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों का पलायन शुरू हो गया है। इधर, पटना में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते महावीर घाट के निकट पाथ–वे पर नदी का पानी आ जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। इधर, सारण और वैशाली जिले के कई प्रखंडों में भी बाढ का खतरा उत्पन्न हो गया है। गया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के बोधगया प्रखंड का छाछ गांव भी बाढ़ की चपेट में आ गया है। फल्गु और मुहाने नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से सैकड़ों एकड़ में लगी फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है। इस बीच, सोन नदी के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश होने से नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रोहतास स्थित इंद्रपुरी बराज से पांच लाख पचास हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुयी है। मौसम विभाग ने आज रोहतास और कैमूर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार कल से राज्य में मॉनसून के कमजोर पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

---

गया और पुनपुन का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो रहा है। अपने पूर्वजों की मोक्षप्राप्ति की कामना को लेकर देश–विदेश से श्रद्धालु इन मेलों में पहुंचते हैं। यह मेला दो अक्टूबर तक चलेगा। गया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मेले की विधिवत शुरूआत करेंगे।

–––बाईट–––

देश–विदेश से आने वाले पिंडदानियों के स्वागत के लिए मोक्षधाम विष्णुनगरी सज–धज कर तैयार है। त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले अधिकतर पिंडदानी गयाधाम पहुंच चुके हैं। मेले का औपचारिक उद्‌घाटन अपराह्न बारह बजकर तीस मिनट पर होगा, जिसमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित कई गणमान्य शामिल होंगे। पितृपक्ष मेले को लेकर पिंडदानियों के लिए विष्णुपद प्रांगण में जिला प्रशासन द्वारा विशाल पंडाल बनाया गया है। देश–विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को धूप और बरसात से बचाव को लेकर ब्रह्मसत, देवघाट, प्रेत शिला सहित कई अन्य वेदी स्थलों पर भी पंडाल बनाए गए हैं। जिला प्रशासन स्तर पर तीर्थ यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। गांधी मैदान में टेंट सिटी भी बनकर तैयार है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला परिसर में स्वास्थ्य शिविर बनाए गये हैं। साथ ही घाटों, वेदियों और पिंडदान स्थलों पर पूजा सामग्रियों के निरंतर उठाव के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इस बार गंगा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए के लिए गंगा जल की विशेष व्यवस्था की गई है। इधर, पंडा समाज के अनुसार इस वर्ष पितृ पक्ष मेले में देश–विदेश से करीब 15 लाख तीर्थ यात्रियों की पहुंचने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

इधर, पटना स्थित पुनपुन में भी आज से अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो रही है। इस मेले में देश–विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों के पहुंचने की संभावना है। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के आवासन और पिंडदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

---

सृष्टि के सृजनकर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना आज श्रद्धापूर्वक की जा रही है। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण तथा सृजन का देवता माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश भर के इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। कारखानों, वर्कशॉप और गैराजों में भी पूजा की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा पूजा पर लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने लोगों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

आज अनंत पूजा है। श्रद्धालु भाद्रपद चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा–अर्चना करते हैं। इसे अनंत चौदस के नाम से भी जाना जाता है। भगवान विष्णु की पूजा के बाद श्रद्धालु अनंत सूत्र बांधते हैं। इधर, आज ही दस दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव का भी समापन हो जायेगा।

---

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके चौहत्तर–वें जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री शाह ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और

दीर्घ जीवन की कामना की। इधर, प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पटना स्थित कार्यालय में प्रदर्शनी और रक्त दान कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

---

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों को छोटे मरम्मत कार्य के लिए पचास–पचास हजार रुपये देने का फैसला किया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस राशि से स्कूल के प्रधानाध्यापक आवश्यतानुसार मरम्मत कार्य कर सकेंगे, जिससे विद्यार्थियों के पठन–पाठन में असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस राशि से होने वाले कार्य की प्रगति की निगरानी संबंधित जिलाधिकारी करेंगे।

---

एसटीएफ की टीम ने अररिया जिले के कुख्यात अपराधी फिरोज को बैरगाछी थाना क्षेत्र के रामपुर मोहनपुर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी। वहीं, एसटीएफ ने सहरसा जिले के कुख्यात अपराधी संदीप यादव को सोनबर्षाराज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

---

एसएसबी की टीम ने पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियांगज के पोखरा चौक के पास से एक किलो आठ सौ बीस ग्राम चरस और आठ हजार रूपये मूल्य के जाली भारतीय नोट के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है।

---

खबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – देश में एमबीबीएस की पचहत्तर हजार सीटें बढ़ायी जायेंगी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – बालू माफिया पर बढ़ेगी सख्ती, अब सीसीए के तहत दर्ज होगा मुकदमा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – कई नदियां उफनाई, पटना में गंगा खतरे के निशान के पार।

**दैनिक भास्कर** ने गया में पितृपक्ष मेले की खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – मोक्षदायनी फल्गु और गंगा जल को साक्षी मान आज से पिंडदान। एक सौ नौ होटल फुल।

**आज** अखबार ने लिखा है – जमुई के अभिषेक को चौबीस की उम्र में गूगल ने दिया दो करोड़ का पैकेज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार हाजीपुर से राज्य स्तरीय स्वच्छता अभियान का करेंगे शुभारंभ।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज बेगूसराय में नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट की एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ करेंगे।

03. प्रदेश में गंगा, बागमती, घाघरा और कमला बलान नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर। बक्सर में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुयी।

04. और, गया तथा पुनपुन का विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आज से शुरू हो रहा है। पिंडदान के लिए देश–विदेश से पहुंच रहे हैं श्रद्धालु।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।